दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

वर्ष-12, अंक-18 बुधवार 18 जनवरी, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने अग्रवाल कॉजेल में मनाया सड़क सुरक्षा सप्ताह

बल्लभगढ़, 17 जनवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। अग्रवाल कॉलेज में 11 से 17 जनरवी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। जिसमे सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी देने व युवाओं में जागरूकता लाने हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन किया के प्रभारी इंचार्ज डॉ० संजीव गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में सैकडो विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसके अंतर्गत सड़क सुरक्षा शपथ पर हस्ताक्षर, शपथ ग्रहण, भाषण, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, जागरूकता रैली आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। गतिविधियों का संयोजन एन०एस०एस० कार्यक्रम अधिकारी डॉ० सीमा मलिक द्वारा कराया गया,महाविद्यालय के छात्र झ छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलवाई गई। सभी को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियम बताए और जागरूक किया गया,उन्होंने बताया किसड़क सुरक्षा सप्ताहभारत सरकार के सड़क व परिवहन मंत्रालय व हरियाणा सड़क सुरक्षा परिषद् द्वारा पूरे प्रदेश व देश में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि सड़क दुर्घटना को कम किया जा सके। सड़क सुरक्षा झ जीवन सुरक्षा के मूल मन्त्र को अपनाते हुए ,जब भी वाहन चलायें, गति पर नियन्त्रण रखे, हेल्मेट लगा कर चले।

प्रथम दिन एन०एस०एस० स्वयंसेवकों द्वारा निबंध लेखन गतिविधि का आयोजन कराया गया जिसमें नरेंद्र लक्ष्मी हिमिका आकाश चंचल सोनिया आदि के साथ 20 से अधिक स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। दूसरे दिन एन०एस०एस० स्वयंसेवकों को व्याख्यान गतिविधि में एन०एस०एस० कार्यक्रम अधिकारी डॉ० सीमा मलिक ने व्याख्यान दिया और स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के बारे में बताया और इससे जुड़ी कई सारी जानकारियां साझा की। तीसरे दिन एन०एस०एस० स्वयंसेवकों द्वारा शपथ ग्रहण गतिविधि में डॉ० संजीव गुप्ता, डॉ० सीमा मलिक, डॉ० सचिन गर्ग, लवकेश, श्रीमती अनीता आदि के साथ 50 से अधिक एन०एस०एस० स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ ली और दूसरों को भी इसके नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। चौथे दिन एन०एस०एस० स्वयंसेवकों द्वारा नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग गतिविधि मेंदुर्घटना से रखनी दुरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।,वाहन नियंत्रित गति में चलाएं, जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं। सुरक्षा के साथ समझौता, दुर्घटनाओं को न्योता। आदि नारों के साथ ही 20 से अधिक स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा सप्ताह पर लोगों को जागरूककरते हुए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भागीदारी दर्ज कराई। छठे दिन एन०एस०एस० स्वयंसेवकों द्वारा सुरक्षित ड्राइविंग प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर गतिविधि में डॉ० संजीव गुप्ता, डॉ० सीमा मलिक, डॉ० सचिन गर्गआदि के साथ 50 से अधिक एन०एस०एस० स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ ली एक अच्छे नागरिक के रूप में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करेंगें।